मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) :

(क) जी, हां ।

(ख) आपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना के तहत 31 मार्च, 1992 तक 699.04 करोड़ रुपयों की कुल निधियां जारी की गई हैं ।

(ग) जी, हां ।

(घ) जी, हां ।

(ङ) बिहार, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश और मणिपुर राज्यों से निधियों के दुरुपयोग से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई हैं । सम्बद्ध राज्य सरकारों ने इन शिकायतों की जांच करने के आदेश दे दिए हैं । आपरेशन ब्लैक बोर्ड योजना के तहत राज्य सरकारों को शिक्षण अध्ययन सामग्री की खरीद में अत्यधिक सावधानी बरतने की सलाह दी गई है ।

Admission and appointments in Central School

1483. SHRI VIREN J. SHAH : Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state :

(a) whether Government's attention has been drawn to the news report published in the Sunday Observer, New Delhi of the 12th April, 1992 under the caption "Arjun turns school system into 'private fieldom'";

(b) the number of admissions of children and transfers and appointments of teachers made in the Central Schools during the year 1991 and 1992 so far ;

(c) the criteria adopted for these admissions, appointments and transfers ;

(d) the number of the admissions made under the special dispensation quota ;

(e) whether it is a fact that rules governing the admission in Central Schools have been violated during the year 1991 and so far in 1992 ;

(f) if so, whether Government have made any enquiry into the allegations made about the working of the Central Schools and also about unhygienic conditions, if so, what are the details in this regard ; and

(g) what action Government have taken in the matter ?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI ARJUN SINGH) : (a) Yes, Sir.

(b) The details are annexed as statement *(See* below).

(c) Admissions are given as per priorities approved by the Board of Governors. Special dispensation admissions are given in exercise of the powers vested in the Chairman. Transfers/postings are made on medical grounds, because of spouse's post ings, compassionate grounds and administra tive exigencies as per transfer guidelines approved by the Board.

Appointments are made as per Recruitment Rules applicable to different categories of employees.

(d) 7052 during 1991-92.

(e) No, Sir.

(f) and (g) whenever any specific complaints are received, appropriate action is taken on them.

Statement

Admissions of children, transfers and appointments of teachers made in Central Schools during the years 1991 and 1992

Item	1-5-90 to 30-4-91	1-5-91 to 30-4-92
1. *Admissions*	35,811	The information will b placed on the table of the Sabha.
2. *Transfers* :		
(*a*) Principals	02	112
(*b*) Vice-Principals	02	84
(*c*) Post Graduate Teachers	188	199
(*d*) Trained Graduate Teachers	196	393
(*e*) PRTs	524	320
(*f*) Miscellaneous Staff	51	152
3. *Appointments*		
(*a*) Principals	Nil	102
(*b*) Vice-Principals	Nil	Nil
(*c*) Post Graduate Teachers	300	612

For other categories of teachers the Assistant Commissioner of the Region is the appointing authority.

कृषि अनुसंधान कार्य के लिए संस्कृत शब्दावली

1484. **श्री प्रमोद महाजन** : क्या **मानव संसाधन विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि नए कृषि-अनुसंधान कार्यों के लिए प्रायः अंग्रेजी शब्दावली का प्रयोग किया जाता है; यदि हां, तो इन्हें मूल रूप से संस्कृत शब्दों के आधार पर गढ़ने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ख) अब तक कुल कितने नए शब्द तैयार किए गए हैं और उनमें से कितने प्रतिशत शब्द संस्कृत तथा अन्य भाषाओं के हैं ; और

(ग) कृषि शब्दावली का निर्माण कब किया गया था और इसका मूल्यांकन कब-कब किया गया है तथा मूल्यांकन समिति के सदस्य कौन-कौन थे ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा दी गई सूचना के अनुसार इसके द्वारा संपन्न अधिकांश अनुसंधान कार्य अंग्रेजी में ही प्रकाशित होते हैं । तथापि, वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग अन्य विषयों के अलावा हिन्दी में कृषि वैज्ञानिक शब्दावली विकसित करने के लिए 25 वर्षों से अधिक समय से कार्यरत है । वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा शब्दावली विकसित करने के लिए अपनाए गए सिद्धान्तों में से एक संस्कृत धातुओं पर आधारित शब्दों का चयन करना है ।

(ख) और (ग) वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग ने 1978 में कृषि शब्दावली प्रकाशित की जिसके लगभग 18,000 शब्दों में से लगभग 60 प्रतिशत संस्कृत तथा 5 प्रतिशत अन्य भारतीय भाषाओं पर आधारित है ।

वैज्ञानिक तथा तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा कृषि शब्दावली को अन्तिम रूप देकर प्रकाशित करने से पूर्व कृषि अर्थव्यवस्था